सुविचार
हमारी सर्वोत्तम संपदा ज्ञान से भरा मस्तिष्क नही बल्कि प्रेम से भरा हुआ हृदय है।

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है।
संपर्क करे -9425156055

संपादक-नागेश नरवरिया

वर्ष 8, अंक-42 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 24 नवम्बर 2023 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## आवश्यक वस्तु लाइसेंस विक्रेता द्वारा वस्तुओं में गड़बड़ी करे बेचने वाले के खिलाफ मध्यप्रदेश में क्या कार्यवाही हो सकती है जानिए/legal advice...

**युवा प्रदेश न्यूज**

आवश्यक वस्तु अधिनियम,1955 की धारा 03 के अनुसार केन्द्र सरकार या राज्य सरकार व्यक्तियों को आवश्यक वस्तु बेचने के लिए लाइसेंस प्रदान करती है इसके अंतर्गत प्रमुख तौर पर पेट्रोल, डीजल, कच्चा तेल, खाद्द पदार्थ, दाल, चावल, गेंहू शक्कर, आटा ,दवाइयां आदि आते हैं जो व्यक्ति के जीवन के लिए आवश्यक वस्तु होती है अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर आवश्यक वस्तु के वितरण में कोई लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ मध्यप्रदेश में विशेष कानून के अंतर्गत क्या कानूनी कार्यवाही होगी जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**मध्यप्रदेश विनिर्दिष्ट भ्रष्ट आचरण निवारण अधिनियम,1982 की धारा 33 की परिभाषा:** अगर कोई आवश्यक वस्तु लाइसेंस धारी विक्रेता वस्तु को बेचते समय लोक वितरण प्रणाली योजना के तहत किसी वस्तु को दूसरे व्यक्ति के नाम पर देगा, वितरण करते समय कोई मिथ्या कार्य करेगा, बनाबटी लेखा जोखा रखेगा या किसी अन्य प्रकार की लापरवाही करेगा वह व्यक्ति अधिनियम की धारा 33 के अंतर्गत दोषी होगी। साधारण शब्दों में कहे तो कोई राशन विक्रेता भ्रष्टाचार के उद्देश्य से किसी अन्य व्यक्ति को राशन वितरण कर देता है या कोई भी गड़बड़ी करता है तब वह व्यक्ति भी इसी धारा के अंतर्गत दोषी होगा।

Madhya Pradesh Specified Corrupt Practices Prevention Act, 1982 Section 33 punishment?

यह अपराध संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध हैं अर्थात थाना अधिकारी तुरंत मामले का संज्ञान ले सकता है। इनकी सुनवाते किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है। सजा इस अपराध के लिए अधिकतम तीन वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनो से दण्डित किया जा सकता है।

## अजमानतीय अपराध में आरोपी कब जमानत मिल सकती है जानिए/Legal general knowledge.....

**युवा प्रदेश न्यूज**

जब कोई व्यक्ति किसी जमानतीय अपराध में गिरफ्तार किया जाता है तब उसे थाने से एक जमानत बंध-पत्र के आधार पर जमानत पर छोड़ दिया जाता है लेकिन कुछ अपराध अजमानतीय होते हैं इन अपराधों में आरोपी को जमानत किस आधार पर मिलती है जानिए।



- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद) 9827737665

**जमानत अधिनियम,2017 की धारा 11 की परिभाषा?** जब कोई व्यक्ति किसी अजमानतीय अपराध के लिए पुलिस अधिकारी द्वारा बिना वारण्ट के गिरफ्तार कर लिया जाता है और उच्च न्यायालय एवं सेशन न्यायालय से भिन्न किसी अन्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष हाजिर होता है तब ऐसे व्यक्ति को निम्न शर्तो के अनुसार ज़मानत पर छोड़ दिया जाता है जानिए-

1. जब कोई आरोपी मृत्यु दण्ड, आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित न हो उसे नहीं छोड़ा जाएगा।
2. कोई आरोपी सात वर्ष या उससे अधिक कारावास या तीन वर्ष या उससे अधिक के कारावास से पहले से दोषसिद्धि न किया गया हो ऐसे आरोपी को नहीं छोड़ा जाएगा।

**आजीवन कारावास, मृत्यु दण्ड या सात वर्ष से अधिक कारावास से दण्डित वाले आरोपी को कब जमानत पर छोड़ा जा सकता है जानिए?**

ऐसा कोई आरोपी जिसकी उम्र सोलह वर्ष से कम हो या कोई महिला हो या कोई रोगी या विकलांग व्यक्ति हो तब ज़मानत पर छोड़ दिया जाता है।

अगर कोई विशेष कारण जो मजिस्ट्रेट को ठीक लगें एवं न्यायोचित के लिए आवश्यक हो तब।

उपर्युक्त आधारों पर किसी भी व्यक्ति को अजमानतीय अपराध में जमानत मिल सकती है एवं न मंजूर भी की जा सकती है न्यायालय द्वारा।

### राजस्थान में बोले शिवराज

## लाल रंग से डरते हैं गहलोत, राहुल-प्रियंका को भी घेरा



**रामगंजमंडी।** राजस्थान में गुरुवार को विधानसभा चुनाव की सभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। राजस्था के चर्चित लाल डायरी प्रकरण के नाम पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लाल रंग से डर लगता है, क्योंकि लाल डायरी के जितने पन्ने खुलेंगे, उतने दागी जेल जाएंगे। रामगंजमंडी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए शिवराज ने कहा कि गहलोत भ्रष्टाचारी हैं और इन्होंने राजस्थान को भ्रष्टाचार में नंबर एक बना दिया है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि क्रिकेट वर्ल्डकप में हार पर जहां पूरे देश की आंखों में आंसू थे, वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा खुश होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर टिप्पणी कर रहे थे, ये तो देशद्रोह की सीमा में आता है।

### रोज झूठ बोलते हैं राहुल-प्रियंका

सीएम शिवराज ने कहा कि राहुल-प्रियंका रोज झूठ बोलते हैं, कांग्रेस ने केवल सत्यानाश ही किया है। ये राहुल गांधी राष्ट्रीय मुसीबत बन गए हैं। भाषण भी देते हैं तो पता नहीं रहता है कि क्या बोल रहे हैं। इन्होंने राजस्थान में भी किसानों का कर्ज माफ करने की बात कही थी लेकिन कर्ज माफ नहीं किया। मध्य प्रदेश में कहा था कि कर्ज माफ नहीं हुआ तो 10 दिन में मुख्यमंत्री बदल देंगे, कांग्रेस ने तो मुख्यमंत्री नहीं बदला लेकिन जनता ने ही बदल दिया।

### राजस्थान में भाजपा की जीत का दावा

शिवराज ने कहा कि आज देवउठनी ग्यारस है, देवउठनी पर देव जागे हैं और कांग्रेस सो जाएगी। उन्होंने कहा कि तीन दिसंबर को कांग्रेस राजस्थान से बाहर हो जाएगी और भाजपा की जीत होगी बंपर। शिवराज सिंह चौहान ने राजस्थान में प्रचार-प्रसार के अंतिम दिन तीन विधानसभा सीटों पर विशाल चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए उपस्थित जनसमुदाय को भाजपा की जीत का संकल्प दिलाया। कहा कि राजस्थान को पिछड़े राज्यों से निकालकर विकसित राज्यों की श्रेणी में लाना है।

## मोदी ने मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में पूजा-अर्चना की, मीराबाई जन्मोत्सव कार्यक्रम में लिया हिस्सा



**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर में पूजा-अर्चना की. वह भगवान कृष्ण भक्त की 525वीं जयंती मनाने के लिए आयोजित मीराबाई जन्मोत्सव में भाग लेने के लिए यहां आये हैं. स्थानीय सांसद और बॉलीवुड अभिनेत्री हेमा मालिनी ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया और उन्हें मीरा बाई की प्रतिमा भेंट की . इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे . मोदी ने संत मीराबाई की 525 वीं जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट और 525 रुपये का सिक्का भी जारी किया . वह रहस्यवादी कवि और भगवान कृष्ण भक्त की 525 वीं जयंती मनाने के लिए आयोजित किए जा रहे मीराबाई जन्मोत्सव में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे हैं. उन्होंने श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में भी पूजा-अर्चना की. यह कार्यक्रम मीराबाई की याद में साल भर चलने वाले कार्यक्रमों की शुरुआत का भी प्रतीक होगा. मीराबाई को भगवान कृष्ण के प्रति उनकी अनन्य भक्ति के लिए जाना जाता है और उन्होंने कई भजनों एवं छंदों की रचना की, जो आज भी लोकप्रिय हैं. इससे पहले मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा,संत मीराबाई का जीवन निश्छल भक्ति और आस्था का अनुपम उदाहरण है. भगवान श्री कृष्ण को समर्पित उनके भजन और दोहे आज भी हम सभी के अंतर्मन को श्रद्धा-भाव से भर देते हैं. उनकी 525 वीं जयंती पर मथुरा में संत मीराबाई जन्मोत्सव का आयोजन हो रहा है. आज मुझे भी इससे जुड़े कार्यक्रमों में शामिल होने का सौभाग्य मिलेगा. इस अवसर पर अपने संबोधन में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वैश्विक स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है. उन्होंने कहा , आप दुनिया में जहां भी जाते हैं, आपका स्वागत स्वाभाविक रूप से 142 करोड़ भारतीयों को गौरवान्वित करता है. आपके नेतृत्व में सीमाएं सुरक्षित हो गई हैं और पिछले 9.5 वर्षों में आपके पास सभी समस्याओं का समाधान करने का एक तरीका है. आपके शासन में, न केवल नए योजनाएं शुरू की गईं लेकिन प्रभावी ढंग से लागू भी की गईं. उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम और केदार धाम का भी उल्लेख किया और कहा कि अयोध्या ने वह देखा है जिसका वर्षों से इंतजार किया जा रहा था और अब 22 जनवरी- अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन का इंतजार है।

## बाल संरक्षण समीनार का आयोजन किया गया

**नर्मदापुरम।** सोमवार को शासकीय नर्मदा महाविद्यालय नर्मदापुरम हस्स की बालिका इकाई द्वारा बाल संरक्षण समीनार का आयोजन किया गया है जिसमे डॉ. इरा वर्मा जी ने छात्र छात्रा के जीवन को किस प्रकार सुरक्षित किया जाता सकता है इस पर प्रकाश डाला है और बाल संरक्षण वर्तमान की आवश्यकता है क्युकी भय भूख गरीबी और अशिक्षा से बच्चो को मुक्त करना है के साथ होने वाले ऑनलाइन शोषण को रोकने की जानकारी भी बच्चो को प्रदान की है प्राचार्य छ्हृ. ओ. एन. चौबे ने कहा बाल संरक्षण की जानकारी वर्तमान में बच्चो को होना चाहिए इसमें बच्चो ने बड़ चढ़ कर भाग लिया है जिनके नाम निम्न है

1. अनामिका परसाई
2. मुस्कान यादव
3. पायल मालवीय
4. अनुराग विश्वकर्मा
5. पार्थ मेहरा
6. कुमकुम चौहान
7. आकांक्षा शर्मा
8. राजेन्द्र बारस्कर

इत्यादि बच्चो ने भाग लिया है।





# अचानक निरीक्षण में आंगनवाड़ी केन्द्र बंद मिलने पर कलेक्टर ने की कार्यवाही

**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की सेवा समाप्ति एवं परियोजना अधिकारी का सात दिवस का वेतन काटने के दिये निर्देश कलेक्टर आशीष सिंह ने आज ग्राम सूरजपूरा बैरसिया के आंगनबाड़ी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र बंद पाया गया एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनुपस्थित मिली ,इस पर कलेक्टर सिंह ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजकंवर की सेवा समाप्ति के निर्देश दिए साथ ही परियोजना अधिकारी प्रियंका दीवान का 7 दिवस का वेतन काटने एवं दो वेतन वृद्धि रोकने की कार्रवाई करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी को दिए गए।इस दौरान सीईओ जिला पंचायत शत्रुघ्राज सिंह एवं एनी संबंधित अधिकारी रहे उपस्थित ।



## ट्रैफिक जाम की समस्या से मिलेगी निजात हटाये जायेंगे चौराहों के अवैध अतिक्रमण चौराहों का होगा चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण



**भोपाल से देवेन्द्र कुमार जैन की रिपोर्ट**

कलेक्टर आशीष सिंह ने मंगलवार की सुबह नेहरू नगर चौराहा, रंगमहल चौराहा, बागसेवनिया चौराहा, दानिश चौराहा एवं बिट्टन मार्केट चौराहा का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त , एडीएम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निरीक्षण के बाद कहा कि इन चौराहों पर आये दिन ट्रैफिक जाम की समस्या बनी रहती है जिससे उत्पन्न अव्यवस्था के चलते कई बार हादसे भी देखे गये है। इन समस्याओं से निजात पाने के लिये चौराहों का चौड़ीकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक को सुव्यस्थित करने एवं जाम की समस्या से निजात पाने के लिये यह आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन चौराहों का सौंदर्यीकरण भी होगा। उन्होंने चौराहों के चौड़ीकरण में डिवाइडर एवं फ्री लेफ्ट टर्न को सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिये जिससे ट्रैफिक का मूवमेंट व्यवस्थित रहे और जाम जैसी स्थिति उत्पन्न न हो। इसके साथ ही चौराहों पर स्थित अवैध अतिक्रमण को भी हटाया जायेगा। कलेक्टर ने संबंधित विभागों नगर निगम एवं पीडब्ल्यूडी को चौराहों के चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिये की जाने वाली प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कर कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

## बढ़ते प्रदूषण स्तर पर कलेक्टर चिंतित , वाहनों के प्रदूषण जाँच का किया निरीक्षण पीयूसी न पाये जाने पर चालानी कार्यवाही के निर्देश

**भोपाल से रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**



भोपाल के कलेक्टर आशीष सिंह ने बुधवार को 5 नंबर स्थित दुर्गा पेट्रोल पंप एवं पॉलीटेक्निक स्थित पेट्रोल पंप पर पीयूसी जाँच की व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने सभी पेट्रोल पंप संचालकों को उनके पंप पर पीयूसी की जाँच व्यवस्था रखने के निर्देश दिए है। भोपाल शहर के बढ़ते प्रदूषण स्तर के मद्देनज़र कलेक्टर ने वाहनों के प्रदूषण स्तर की जाँच करने एवं पीयूसी न होने की स्थिति में चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। इस दौरान एडीएम, आरटीओ, पॉल्युशन कंट्रोल के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर के निर्देश के बाद से वाहनों के प्रदूषण स्तर की जाँच की जा रही है। कमर्शियल वाहनों में पीयूसी न होने पर चालानी कार्यवाही की जाएगी, जिसके अंतर्गत 5000 तक के चालन का प्रावधान है। इसी के साथ प्रायवेट वाहनों को पीयूसी कराने 15 दिनों का समय दिया जा रहा है, इसके बाद इन पर भी चालानी कार्यवाही की जायेगी। भोपाल शहर के बिगड़ते AQI स्तर को देखते हुए की जा रही कार्यवाही। इसी के साथ कलेक्टर आशीष सिंह ने मिसरोद, होशंगाबाद रोड पर चल रही वाहनों के प्रदूषण स्तर की जाँच का औचक निरीक्षण भी किया और जाँच की टेक्निकलिटी समझी। उन्होंने निर्देश दिए कि वाहनों के पीयूसी की जाँच निरंतर जारी रखी जाए एवं पीयूसी न पाये जाने पर उचित कार्यवाही की जाए।



# सामुदायिक पुलिसिंग द्वारा संचालित महिला एवं बाल संरक्षण कार्यक्रमों की जुवेनाइल जस्टिस कमेटी ने की मध्यप्रदेश पुलिस की सराहना

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल**

भोपाल पुलिस द्वारा संचालित सामुदायिक पुलिस कार्यक्रमों में महिला एवं बाल संरक्षण से जुड़े प्रयोग के कारण मध्य प्रदेश पुलिस को राष्ट्रीय स्तर पर माननीय जुवेनाइल जस्टिस कमेटी द्वारा बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में प्रस्तुति देने का अवसर प्रदान किया गया । महिला एवं बाल सुरक्षा क्षेत्र में भोपाल पुलिस के सामुदायिक पुलिस प्रयासों के सफल संचालन के कारण जिला स्तर पर उक्त प्रयासों को आगे भी प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए समस्त थाना प्रभारियों की बुधवार 22 नवम्बर को एक कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें सामुदायिक पुलिस के प्रमुख कार्यक्रम जैसे सृजन जो बालिका आधारित सशक्तिकरण कार्यक्रम हैं। मैं हूँ अभिमन्यु जो किशोर बालको को अच्छा नागरिक बनाए जाने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम हैं । सहयोग जो अन्य शासकीय विभागों से पुलिस के गठजोड़ से संबंधित कार्यक्रम हैं । स्टूडेंट इंटर्नशिप कार्यक्रम जो कालेज के छात्रों को इंटर्नशिप प्रदान करने का कार्यक्रम हैं, शक्ति समिति तथा ऊर्जा हेल्प डेस्क जो घरेलू हिंसा पीड़ित महिलाओं के सशक्तिकरण से जुड़ा महिला अपराध में पुलिस की बेहतर कार्यप्रणाली विकसित करने का कार्यक्रम हैं तथा महिला एवं बाल कल्याण से जुड़े अन्य कार्यक्रमों को प्रभावी बनाने से संबंधित कार्यशालाओं में आगामी माहों में होने वाली कार्यवाहियों को प्रभावी रूप से



क्रियान्वित करने हेतु निर्देश दिए गए । बैठक में पूर्व में योगदान देने वाली प्रशिक्षण टीम तथा जिन थानों में अच्छा काम हुआ है उन थाना प्रभारियों की सराहना की गई, तथा अपेक्षा रखी गई कि भविष्य में उक्त कार्यक्रम और अच्छे एवं प्रभावी ढंग से संचालित होंगेद्य थाना मिसरोद, हबीबगंज, ऐशबाग, कमला नगर इत्यादि थाना में महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधी बेहतर कार्य हुए हैं । इसके साथ ही महिला सुरक्षा तथा बाल सुरक्षा से जुड़े नए प्रयोग जैसे महिला थाने की कार्यप्रणाली में परिवर्तन तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई की कार्यप्रणाली में परिवर्तन संबंधी थानों को भी साझा किया गया । कार्यशाला में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस की सकारात्मक छवि निर्मित करने के लिए एवं जनता में पुलिस का विश्वास बढ़ाने के लिए, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा अपराधों को रोकने के लिए यह एक प्रभावी कदम हैं । जिसका प्रभाव समस्त पुलिस कार्यप्रणाली पर सकारात्मक रूप से पड़ रहा है।

# भोपाल की पुरानी जेल होगा मतगणना स्थल,मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मतगणना स्थल का निरीक्षण किया

**भोपाल। रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**



मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश अनुपम राजन ने गुरुवार को भोपाल में मतगणना स्थल पुरानी जेल पहुँचकर विधानसभा निर्वाचन-2023 अंतर्गत आगामी 3 दिसंबर को जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों के लिए होने वाली मतगणना हेतु की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने मतगणना के लिए की जा रही व्यवस्थाओं और तैयारियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही डाक मतपत्रों की गणना के लिए की जा रही तैयारियों, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। उन्होंने मतगणना टेबिले, मतगणना कार्य में संलग्न अमले की संख्या, सुरक्षा व्यवस्था, डाक मतपत्रों की संख्या आदि के बारे में जानकारी ली। बाद में उन्होंने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। साथ ही मतगणना स्थल परिसर में रूके हुए निर्वाचन अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों से चर्चा की तथा सीसीटीवी के माध्यम से कक्ष से ही स्ट्रांग रूम की मॉनीटरिंग संबंधी व्यवस्था को देखा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतगणना व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिए कि विधानसभा निर्वाचन-2023 की मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी। सुबह 8:30 बजे से ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। मतगणना के दिन विद्युत की सतत् आपूर्ति हो और किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित न हो, यह सुनिश्चित करें। मतगणना स्थल पर सभी व्यवस्थाएँ सुचारू तरीके से उपलब्ध रहें। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त , नोडल मतगणना , डिप्टी डीईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे ।



# प्रखर न्यूज व्यूज एक्सप्रेस राजनैतिक संवाददाता की मिली वरिष्ठ पत्रकार मूलचंद मेधोनिया को राज्य की जिम्मेदारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी मूलचंद मेधोनिया जो कि विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं का भली-भांति लेखनी के माध्यम से जन जन की प्रखर आवाज उठाने वाले एवं कबीर मिशन समाचार पत्र के सहसंपादक मूलचंद मेधोनिया जो कि लम्बे समय से प्रेस प्रखर न्यूज व्यूज एक्सप्रेस में सामाजिक सरोकारों, आम जनता के अन्याय, लोगों के दुःख दर्द सहित शैक्षणिक, समसामयिक घटनाओं व हर समस्याओं के लेखन के लिए जाने जाते है जो कि राज्य स्तरीय ही नही देश स्तर पर अनेकों मंच और संस्थाओं के द्वारा सम्मानित है मूलचंद मेधोनिया वरिष्ठ पत्रकार को प्रेस प्रखर न्यूज व्यूज एक्सप्रेस में राजनैतिक संवाददाता की विशेष जवाबदेही प्रखर न्यूज व्यूज एक्सप्रेस की बहिन अर्चना शर्मा जी द्वारा देकर उन्हें प्रेस कार्ड जारी किया है और उनसे अपेक्षा की है कि आप हर बिषय पर अपनी बेवाक राह रख प्रखर कलम चलाने के रूप में जाने जाते है। जिन्हें राज्य स्तरीय राजनैतिक संवाददाता की विशेष जबावदारी सौंपी गई है। इस जबावदारी मिलने पर कबीर मिशन समाचार पत्र मध्यप्रदेश के प्रधान संपादक श्री इंदर सिंह वर्मा जी, प्रबंध संपादक श्री रामेश्वर मालवीय जी, सर्वहारा के प्रधान संपादक श्री महंत परमसुख शाक्य जी, युवा प्रदेश के प्रधान संपादक श्री नागेन्द्र नरवरिया जी, मासिक बलाई समाज पत्रिका के प्रधान संपादक श्री दिलावर ओसवाल जी, जांगड़ा संदेश पत्रिका के प्रधान संपादक श्री राधाकिशन दास महाराज जी, दैनिक दुनिया की दौलत की संपादक श्रीमती प्रभावती शाक्य, दैनिक फौलाद कलम के संपादक श्री अनीस जी, दैनिक युवा हस्ताक्षर के श्री शाहजाद जी, मासिक सतनाम संदेश के संपादक श्री डी.एस.दिवाकर जी, दैनिक राष्ट्रीय शान के प्रधान संपादक श्री सुरेश चौरसिया, साप्ताहिक मेहरा संदेश के संपादक श्री सुरेन्द्र सिंह मेहरा जी सहित सैकड़ों दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक एवं मासिक पत्रिका व समाचार पत्र के आदरणीय पत्रकार गणों द्वारा पत्रकार मूलचंद मेधोनिया को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है।



# नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की कलेक्टर एवं संबंधित विभागों से चर्चा ग्रीन बेल्ट एरिया की 692 लोकेशनो से अतिक्रमण हटाने दिये निर्देश




**भोपाल । रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन**

भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के भोपाल ग्रीन बेल्ट एरिया की 692 लोकेशनो से अतिक्रमण हटाने के निर्देश के तारतम्य में संबंधित विभागों की बैठक लेकर एनजीटी द्वारा निर्देशित लोकेशनों से अतिक्रमण हटाने के संबंध में चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिये । इस दौरान डीएफओ आलोक पाठक, नगर निगम आयुक्त , एडीएम सहित वनविभाग, नगरनिगम, पीडब्ल्यूडी, सीपीए सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने संबंधित विभाग नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, सीपीए एवं वन विभाग के अधिकारियों से दल बनाकर एनजीटी के निर्देशों का पालन करते हुए अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये है। उन्होंने बताया कि एनजीटी द्वारा जारी निर्देश में ग्रीन बेल्ट एरिया में सर्वाधिक अतिक्रमण लोकेशन अयोध्या नगर बायपास रोड पर स्थित है, इसके साथ नीलबड़ से मुगालिया छाप, पटेल नगर बायपास से 11 मील रोड, करोंद बायपास रोड भानपुरा चौराहा से आशाराम बापू चौराहा पर बड़ी संख्या में अतिक्रमण है। कलेक्टर ने कहा कि अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को संबंधित विभाग कॉर्डिनेट कर कार्यवाही करें।कलेक्टर ने नगर निगम को निर्देशित किया है कि पिछले पाँच वर्षो में उनके द्वारा कमर्शियल निर्माण की जितनी अनुमति दी गई है एवं भविष्य में दी जानी है उनमें पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण करवायें और यह सुनिश्चित किया जाये कि पार्किंग स्पेस पार्किंग के लिए ही उपयोग हो। साथ ही यह भी देखा जाये कि सभी कमर्शियल निर्माण में पार्किंग प्रोविजन अनिवार्य है इसी के बाद अनुमति दी जाये। उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाये।

# अशोकनगर जिले के वरिष्ठ अनुसूचित जाति नेता नथन महोविया ने अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी परिवार घर आकर किया शहीद को नमन

**भोपाल।** देश की आजादी में महात्मा गांधी जी के आवाहन पर स्वतंत्रता आन्दोलन में योगदान देने वाले शूरवीर मनीराम अहिरवार जी चीचली तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर मध्यप्रदेश के महानायक थे जिन्होंने सन् 19 42 में आजादी के लिए संघर्षरत रहे और वहां के गोंड राजमहल की सुरक्षा करते हुए अंग्रेजो से युद्ध किया और उन्हें गांव से लहूं लुहान कर खदेड़ने में सफल रहे ऐसे महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने की पुरजोर आवाज उठाने वाले जिला अशोकनगर के अनुसूचित जाति वर्ग के जन प्रिय नेता श्री नथन महोविया जी एवं उनके साथ नर्मदापुरम जिले के इटारसी निवासी दमदम गांव निवासी श्री बंटी अहिरवार ने भोपाल में रह रहे शहीद परिवार के घर आकर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के शीघ्र पश्चात उनके जन्म स्थान पर विशाल स्मारक बनाने की पहल की जायेगी तथा उनके उत्तराधिकारी परिवार को सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी व इनके सुपौत मूलचंद मेधोनिया को जो अभी तक आजादी के आन्दोलन में जो सुविधाएं प्रदान की गई थी उसकी मांग कांग्रेस अनुसूचित जाति वर्ग के सामाजिक नेताओं के द्वारा की जायेगी श्री महोविया जी ने शहीद परिवार को आश्वस्त किया कि आप हमेशा कांग्रेस की विचारधारा को लेकर अहिरवार समाज सहित अन्य सभी सामाजिक लोगों को कांग्रेस की मजबूती के लिए काम करते हुए संघर्ष किया है अतः आपके परिवार के साथ सभी खड़े हुए हैं शहीद परिवार को सम्मान दिलाने उनके उत्तराधिकारी परिवार को सुविधा व इनके लिए सरकार के द्वारा जो भी प्रावधान रहे है वह सभी तरह के दिलाने हेतु समाज एवं अनुसूचित जाति वर्ग और अनुसूचित जनजाति वर्ग ऐसे महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी के लिए संघर्षरत रहेगा।




।।पत्रकारिता के नियम अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सख़्त हैं।।

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
@shri_shakya_g1140
युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
देश में सबसे दमदार और सब पर भारी
Hemant Shakya 6263301848



# जन अधिकार मोर्चा के द्वारा आज खाद्य सुरक्षा निरीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया




**प्रचंड बस्तर डाट कॉम सहयोग / जगदलपुर।** जन अधिकार मोर्चा के पदाधिकारियों के द्वारा आज जगदलपुर में खाद्य सुरक्षा निरीक्षक को एक्सपायरी डेट के बावजूद दुकानों पर बिक रहे उत्पादों के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया। यह देखने में आया है कि कुछ दुकानदार उत्पादों की एक्सपायरी डेट खत्म होने बाद भी उनकी बिक्री कर रहे हैं जिसके कारण नागरिकों की जान को खतरा बना हुआ है ऐसे लोग चंद रुपयों के लालच में लोगों के जीवन से खेल रहे हैं ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जानी चाहिए। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष दीप्ती तिवारी, जिला अध्यक्ष शोभा गंडोत्रा,विधान सभा अध्यक्ष योगेश पाणीग्राही, जिला उपाध्यक्ष फूलमती कोडियाम, व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रेलवे ट्रेक के किनारे 03 किलो कुकर आई.ई.डी नष्ट किया गया

**लक्ष्मण पिल्लई**



**भानुप्रतापपुर।** बुधवार दिनाकं 22.11.2023 को सुबह 33वी वाहिनी एस.एस.बी केवटी सी.ओ.बी कोसरोण्डा के कार्यक्षेत्र में चल रहे रावघाट रेलवे प्रोजेक्ट में रेलवे ट्रेक के किनारे 03 किलो कुकर आई.ई.डी लगाया गया था जिसकी सूचना तुरन्त ताडोकी पुलिस थाना तथा एस.डी.ओ.पी. अंतागढ को दी गई। एस.एस.बी के कार्यवाहक कंमाडेट महेन्द्र कुमार ठाकुर भी मौके पर पहुँचे । इस के पश्चात पुलिस की मौजूदगी में इस आई.ई.डी को मौके पर ही प्रकियां अनुसार सी.ओ.बी कोसरोण्डा के बम दस्ता ने नष्ट कर दिया। क्षेत्र की गहन तलाशी के बाद फिर दोपहर को एक 03-04 किलो का कुकर आईडी और उसी जगह के आस-पास मिल गया जिस के पश्चात एस.एस.बी के उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार इस दूसरे आई

**आई.ई.डी को भी मौके पर नष्ट किया गया:** विदित हो कि पूर्व में भी इसी इलाके में 33वी वाहिनी एस.एस.बी केवटी सी.ओ.बी कोसरोण्डा के जवानों के खिलाफ दिनांक 23.11.2020 को कई आई.ई.डी तथा अम्बुश नक्सलियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुँचा ने हेतु लगाया गया था, लेकिन 33वी वाहिनी के जवानो के सर्तकता से किसी भी अनहोनी से बचने में सफल रहे। अब पुनः एक बार इस इलाके में नक्सलियों द्वारा लगायें गये आई.ई.डी को विफल कर एस.एस.बी ने नक्सलियों के मनसूबो पर पानी फेर दिया है। प्रारम्भ से ही नक्सलियों का द्देश्य रावघाट रेलवे परियोजना को बाधित करना रहा है लेकिन 33वी वाहिनी एस.एस.बी केवटी रावघाट रेलवे पोजेक्ट की सुरक्षा हेतु पूर्णतया प्रतिबद्ध है और आगे चल रहे रावघाट रेलवे परियोजना को किसी भी पंरिस्थिति में बाधित नही होने देगी।

# पत्नी से परेशान हो गया था, मर्डर करने के 12 दिन बाद थाने पहुंचा पति, कबूला जुर्म



**प्रचंड बस्तर डाट कॉम सहयोग / जगदलपुर।** करीब सप्ताहभर पहले घोटिया चौकी के सुधापाल के जंगल में शादीशुदा युवती सुकबति (25) का शव मिला था। अब इसकी हत्या का राज खुल गया है। युवती के पति पंडरु ने ही उसकी हत्या की थी और शव जंगल में फेंक दिया था। वारदात के 12 दिन बाद पुलिस के सामने आकर आरोपी पति ने जुर्म कबूल लिया और सरेंडर कर दिया है। दरअसल, आरोपी आज गुरुवार 23 नवंबर की सुबह बोधघाट थाना पहुंचा। इसने अपनी पत्नी की हत्या करना कबूल लिया। युवक ने बोधघट पुलिस को बताया कि वह मिस्त्री का काम करता है। अपने ससुराल में ही रहता था। सुबह जब घर से काम के लिए निकलता तो पत्नी किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा करती थी। यह सिलसिला हरदिन का हो गया था। रात में जब घर आता जेब में पैसे होते तो उसको छीन लेती थी। मेरी बेदम पिटाई करती थी। यदि सब्जी नहीं लाता तो भी पटक-पटककर मारती थी। पत्नी के इस टॉर्चर से तंग आ गया था। 11 नवंबर को भी ठीक ऐसा ही हुआ था। पत्नी के साथ विवाद हुआ, मैं गुस्से में था और मैंने अपने पास रखे एक लोहे के औजार से उसको मार दिया।हत्या के बाद किसी तरह रात के अंधेरे में शव को सुधापाल के जंगल लेकर गया जहां झाड़ियों में छिपा दिया था। इधर, पुलिस के सामने हत्या का राज खोलने और हत्या करना कबूलने के बाद पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर ली।

# तीन सवारी या वाहन चलाते मोबाइल पर बात करने वाले हो जाएं सावधान, अब अब सीधी पहुंचेगी चालान




**प्रचंड बस्तर डाट कॉम सहयोग / जगदलपुर।** शहर में जगह-जगह कैमरा लगा हुआ है। और यातायात पुलिस की निगाहें पड़ी है। अब कोई भी तीन सवारी बाइक चलते हुए या मोबाइल में बात करते हुए पाए जाने पर कैमरे की नजर सब पर भारी पड़ेगा। जो भी नियमों का पालन नहीं करेगा उसे कैमरे से फोटो और पता निकाल कर सीधे घर चालान पहुंच जाएगा। इसलिए नियमों का पालन करें।

# प्रजापति समाज का स्नेह मिलन संपन्न ,समाज विकास पर हुई चर्चा।

**संवाददाता हल्केवीर की न्यूज़**



**देवरी/उदयपुरा।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के पूर्व प्रदेश महासचिव रामदास जी प्रजापति और समाज की एकता के तत्वाधान में प्रजापति समाज का जिला स्तरीय स्नेह मिलन समारोह मां नर्मदा तट बोरास घाट में मां के पावन चरणों में संपन्न हुआ जिसमे जिले के प्रजापति सभी समाज बंधुओ ने बड़ चढ़ कर भाग लिया जिसमे प्रजापति समाज 2000 से 3000 के अंतराल में जनसंख्या उमड़ी और अधिक से अधिक लोगो ने भाग लिया और प्रजापति समाज अपने अस्तित्व को पाने के लिए कुछ भी करने को तैयार है प्रजापति समाज के राष्ट्रीय महासचिव के पूर्व महासचिव रामदास जी प्रजापति एवं ओबीसी महासभा के मुख्य महासचिव हरीश जी प्रजापति ने बताया कि बैठक में प्रजापति समाज ने मां नर्मदा तट पर सत्यनारायण भगवान की कथा एवं कार्यक्रम श्री परमानंद राज प्रजापति के नेतृत्व में हुआ। इसके पश्चात समाज सुधार के विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया। जिसमे मृत्युभोज,शिक्षा, रोजगार और उदयपुरा में प्रजापति समाज धर्मशाला एवं कुम्हार गड़ा आबंटन आदि पर चर्चा की एवम राजनीति में अपना वर्चस्व बनाने में बैठक की , इसके लिए आगामी बैठक में ठोस निर्णय लिया जाएगा। बैठक सयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए। बरेली से श्री शंकर ठेकेदार, संजय प्रजापतिजी उदयपुरा से श्री मोहन प्रजापति जी, केशव प्रजापति, रामजी प्रजापति, पूर्व सरपंच संतोष प्रजापति शांतिनारायण प्रजापति, ठेकेदार गोकल प्रजापति, प्रहलाद प्रजापति, गौरव प्रजापति, देवरी से रमेश प्रजापति, रविशंकर प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, रामदास प्रजापति जी ने सभी उपस्थित प्रजापति बंधुओ का आभार व्यक्त किया।




# अस्पताल तो है पर कभी लाभ नहीं मिलता। तहसील देवरी की स्वास्थ्य व्यवस्था।




**संवाददाता हल्केवीर/ देवरी।** जिला ही नहीं संपूर्ण मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था का जाल बिछा हुआ है लेकिन क्या सिर्फ कागजों में ही उलझा हुआ है या फिर धरातल पर उसका लाभ वहां रह रहे लोगों को मिल रहा है। ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत कटक का है जो की सबसे ज्यादा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है लगभग 8 वर्ष पहले उप स्वास्थ्य केंद्र बना हुआ था जिसका लाभ ग्रामीण वासियों को आज तक नहीं मिला। यह उप स्वास्थ्य केंद्र मात्र कागजों की भरपाई करने के लिए किया गया है। कटक जंगल की ओर लगा हुआ एक गांव है स्वास्थ्य के लिए आसपास कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है गंभीर स्थिति होने पर मरीज को लगभग तीस किलोमीटर दूर इलाज करवाने के लिए ले जाना पड़ता है। इस दौरान मरीज के साथ कुछ भी हो सकता है। ग्रामीण वासियों में कटक के पूर्व सरपंच हाकम सिंह बारिवा से जब संवाददाता ने इस सिलसिले में बात की तब उन्होंने इस बात से स्पष्ट मना कर दिया कि यह उप स्वास्थ्य केंद्र मात्र कागजों में सिमटा हुआ है। बाकी ना कोई डॉक्टर यहां पर आता है ना कभी भी ग्रामीण वासियों को इस प्रकार की सुविधा मिल पाई। ग्राम वासियों का कहना है कि या तो अस्पताल को पूर्ण रूप से संचालित किया जाए या फिर बंद कर दिया जाए।

# तालाब में डूबे दोनों नाबालिग की मिली लाश



**लक्ष्मण पिल्लई**

**कोरबा।** नहाते वक्त तालाब में डूबे दोनों नाबालिग बच्चों के शव को दूसरे दिन गोताखोर की टीम ने बरामद किया। वैधानिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव स्वजनों को सौंप दिया।बुधवार को कटघोरा थाना अंतर्गत ग्राम रामपुर निवासी एक ही परिवार के दो बच्चे मनीष प्रसाद 13 वर्ष, अनुराग बहेरा 13 वर्ष घर में बिना बताए चकचकवा पहाड़ के पीछे बाइपास सड़क में बने तालाब में नहाने गए थे, तभी गहरे पानी में चले गए और उसमें डूबने लगे, तभी वहां पर से गुजर रहे कुछ बच्चों ने दोनों बच्चो को डूबते देख आसपास में लोगों की जानकारी दी। जब तक लोग वहां पहुंचते, दोनों बच्चे डूब चुके थे। दोनों बच्चों के कपड़े भी तालाब के बाहर रखे हुए मिले। सूचना पर कटघोरा पुलिस व डायल 112 स्थल पर पहुंची और गोताखोर की मदद से बच्चों को तलाश शुरू कराया गया। देर शाम तक दोनों का पता नहीं चला और रात होने की वजह से काम बंद कराना पड़ा। गुरूवार को सुबह से पुन॰ गोताखोरों की टीम ने तालाब में बच्चों की तलाश शुरू की और बच्चों का शव बाहर निकाला। बाद में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया। घटना से ग्राम में शोक की लहर व्याप्त है।

# हत्या के फरार आरोपी को माकड़ी पुलिस ने किया गिरफ्तार

## गोली मारकर बड़े भाई ने की थी छोटे भाई की हत्या

**लक्ष्मण पिल्लई ❑ कोंडागांव**

कोंडागांव विधानसभा चुनाव से एक दिन पूर्व हत्या को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने बंदूक सहित गिरफ्तार किया है। आपकों बता दें कि दि 6 नवंबर के रात्रि 8:30 बजे करीब आरोपी नंदकुमार नाग अपने पिता मंगलूराम नाग से समाज में मिलवाने की बात को लेकर गाली-गलौज झगड़ा विवाद कर रहा था। आरोपी नंदकुमार नाग की पत्नी पुनीता नाग अपने पति को समझा रही थी। उसी समय नंदकुमार नाग के छोटे भाई राजेन्द्र नाग की पत्नी रोहिणी नाग अपने पति राजेन्द्र नाग को फोन करके बुलाई, राजेन्द्र नाग घर पहुंचकर अपने बड़े भाई नंदकुमार नाग को झगड़ा नहीं करने और जो भी बात है सुबह करने के संबंध में समझा रहा था। तब आरोपी नंदकुमार नाग अत्याधिक गुस्से में आकर घर के अंदर जाकर वहां रखे अपने अवैध भरमार बंदूक को घर से निकाल कर आया और आंगन में खड़े अपने छोटे भाई राजेन्द्र नाग के उपर चला दिया। भरमार बंदूक का छर्रा राजेन्द्र नाग के छाती पर जा लगा, जिससे घटना स्थल पर ही राजेन्द्र नाग की मृत्यु हो गई। आरोपी नंदकुमार नाग घटना कारित कर घर के बाड़ी तरफ से खेत जंगल की ओर फरार हो गया। प्रार्थिया रोहिणी नाग के रिपोर्ट पर थाना माकड़ी में अपराध क्रमांक 63/2023 धारा 302 भादवि 25, 27 आर्मस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




### एसपी ने दिए थे निर्देश

मामले की गंभीरता को देखते हुए कोंडागांव पुलिस अधीक्षक अक्षय कुमार के निर्देशानुसार एवं दौलतराम पोर्ते अति. पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव व निमितेश सिंह पुलिस अनुविभागीय अधिकारी कोण्डागांव के मार्गदर्शन में आरोपी को पकड़ने के लिए निरीक्षक विनोद साहू के नेतृत्व में थाना माकड़ी एवं साईबर सेल कोण्डागांव की संयुक्त टीम गठित की गई थी। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं संयुक्त टीम के प्रयास से तथा मुखबिर के सूचना के आधार पर आरोपी नंदकुमार नाग पिता मंगलूराम नाग (37 वर्ष) जाति हल्बा निवासी झाकरपारा माकड़ी, थाना माकड़ी, जिला-कोण्डागांव को ग्राम जलंगपार जिला नबरंगपुर ओड़िशा के जंगल से घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपी नंदकुमार नाग के मेमोरेण्डम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त एक भरमार बन्दूक तथा भरमार बंदूक में उपयोग होने वाले बारूद, लोहे के टुकड़े एवं पटाखा को जब्त किया गया। आरोपी नंदकुमार नाग को पर्याप्त साक्ष्य सबूत के आधार पर दिनांक-19 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार किया गया,जिसे न्यायालय के आदेश पर न्यायिक रिमांड पर केन्द्रीय जेल जगदलपुर भेजा जा रहा है।

### इन्होंने की कार्रवाई

पर्यवेक्षक विनोद साहू, सउनि राकेश कुमार भोयर, प्र आर मोनाराम मंडावी, सहदेव कुंजराम, आरक्षक प्रकन मंडावी, गंगा मराराम नेताम, केमेन्द्र उइके, योगेन्द्र ध्रुव, कोदूराम नेताम, मनेत्र मंडावी तथा साईबर सेल कोंडागांव से प्रधान आरक्षक प्रभाकर देहारी, आरक्षक बीजू यादव ,मनोज मरकाम शामिल रहे।



## संभागीय जनसंपर्क कार्यालय जगदलपुर, जिला बस्तर

**प्रचंड बस्तर डाट कॉम सहयोग / जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विजय दयाराम के. ने सोमवार को विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत शासकीय आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा में स्थित मतगणना केन्द्र में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों 85 बस्तर, 86 जगदलपुर तथा 87 चित्रकोट के मतगणना हेतु तैयारी और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और सभी आवश्यक व्यवस्था निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों दिए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र मीणा, सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मेघा टेंभूरकर, नगर निगम आयुक्त श्री हरेश मण्डावी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हितेश बघेल, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग श्री एके सिंह सहित तीनों विधानसभा क्षेत्रों के रिटर्निंग ऑफिसर और अन्य अधिकारी मौजूद थे।



# तीन चौथाई से बड़ी बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में फिर से बनेगी कांग्रेस की सरकार

**लक्ष्मण पिल्लई ❑ छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में हुये दूसरे चरण के चुनाव में शांति पूर्ण मतदान के लिये प्रदेश की जनता का आभार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने मतदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने एवं शांति पूर्ण मतदान के लिये प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि भाजपा इस चुनाव को प्रभावित करने के लिये छत्तीसगढ़ की शांत फिजा को खराब करने का षडयंत्र रचा था लेकिन असफल रहे। प्रदेश की जागरूक मतदाता भाजपा के बहकावे में नहीं आयी। छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस सरकार के काम एवं कांग्रेस के घोषणा पत्र पर भरोसा किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस 75 से अधिक सीट जीतकर पुनः सरकार बनाने जा रही है। प्रथम एवं दूसरे चरण के मतदान में किसान, माता, बहने, युवा, श्रमिक व्यापारियों का रूझान कांग्रेस के प्रति मिला। विधानसभा का यह चुनाव मोदी के झूठ, जुमले और कांग्रेस पर भरोसे का चुनाव रहा। कांग्रेस की सरकार बनते ही जनता से किये सभी वादों पर काम शुरू होगा। मोदी की गारंटी एवं भाजपा के झूठे एवं मनगढ़त आरोप को जनता ने खारिज कर दिया है। कांग्रेस ने 2018 में अपने घोषणा पत्र के अधिकांश वायदो को विगत 5 वर्षो के कार्यकाल में निभाया है, जनता का भरोसा 5 सालों में कांग्रेस के प्रति और बढ़ा है। यही कारण है कि जनता ने एक बार फिर कांग्रेस के पक्ष में मतदान किया है। कांग्रेस ने उत्साहपूर्वक मतदान करने के लिये मतदाताओं का आभार जताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस ने चुनाव प्रचार अपनी सरकार की योजनाओं और कांग्रेस सरकार के पिछले कामों को आधार बना कर किया है। भाजपा ने नकारात्मकता के आधार पर चुनाव प्रचार किया। केन्द्र की मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी ने संवैधानिक संस्थानो एवं जांच एजेंसियों का दुरूपयोग किया, षडयंत्र रचे, दुर्भावना पूर्वक छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार को बदनाम करने कुत्सीत प्रयास किया, जिसे छत्तीसगढ़ की जनता ने पूरी तरह से खारिज कर दिया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मतदाताओं ने भरोसा जताया है। इसके विपरीत भाजपा के लोग ही भाजपा के घोषणा पत्र पर भरोसा करने को तैयार नहीं हुये। जिस तरह से प्रथम चरण के चुनाव में जनता ने भाजपा को नकारा था, उसी तरह दूसरे चरण के मतदान में भी छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस पक्ष में मतदान किया है। पिछली बार 2018 में दो तिहाई से बड़ी बहुमत मिली थी अबकी बार तीन चौथाई से बड़ी बहुमत के साथ छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनेगी।



## पीएमश्री के दूसरे चरण में सिर्फ 10 स्कूलों का चयन, यूडाइस कोड बना बाधा

**रायपुर।** प्रधानमंत्री स्कूल फार राइजिंग इंडिया (पीएमश्री) योजना के तहत दूसरे चरण के लिए सिर्फ 10 स्कूलों का चयन किया गया है। समग्र शिक्षा विभाग की तरफ से स्कूलों का चयन कर मंजूरी के लिए केंद्र सरकार को भेजा दिया गया है। पीएमश्री योजना के तय मापदंड के अनुसार प्रदेश में सिर्फ 10 स्कूल ही मिले हैं। पीएमश्री में शामिल करने के लिए पहली से 10वीं कक्षा अथवा 12वीं तक के स्कूलों को प्राथमिकता दी जा रही है। इन यूडाइस के स्कूल प्रदेश में कम हैं। जो हैं भी वे पहले से राज्य सरकार की तरफ से संचालित स्वामी आत्मानंद योजना में शामिल कर लिए गए हैं। पीएमश्री योजना के तहत प्रथम चरण में प्रदेश के 211 स्कूलों का चयन किया गया था। इनमें सबसे ज्यादा 193 प्राइमरी स्कूल हैं। इन स्कूलों में शिक्षा सत्र 2023-24 से ही विद्यार्थियों को उत्कृष्ट सुविधाएं मिलेंगी। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने चुनिंदा 228 स्कूलों को पीएमश्री योजना में शामिल करने के लिए दावेदारी की थी, मगर इनमें 17 स्कूलों का प्रस्ताव खारिज कर दिया गया है। इन स्कूलों में प्रति कक्षा मानक के हिसाब से यदि 40 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाता है तो करीब 50 हजार हजार विद्यार्थियों को दाखिला मिलेगा। यहां अध्ययन-अध्यापन की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पीएमश्री स्कूलों के डेवलपमेंट के लिए केंद्र और राज्य सरकार की तरफ से राशि की प्रथम किस्त मिल चुकी है। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के कारण आचार संहिता लगी हुई है। आचार संहिता हटने के बाद यानी तीन दिसंबर के बाद इन स्कूलों को प्रथम किस्त जारी की जाएगी।

# जिला अस्पताल के कैंपस में कर्मचारी को लगी गोली

- चिकित्सालय परिसर के बाहर की गई थी फायरिंग
- जिला अस्पताल बीजापुर में इस तरह की दूसरी घटना

**लक्ष्मण पिल्लई ❑ बीजापुर।**

जिला अस्पताल परिसर में चौकाने वाली घटना उस वक्त सामने आई है जब जिला अस्पताल के कर्मचारी के पेट में कैंपस के बाहर से आकर गोली लगी। हालांकि इस घटना में कर्मचारी को मामूली सी खरोंच ही आई है, लेकिन एक बड़ा हादसा टल गया। जिला अस्पताल के कर्मचारी लोकेश ठाकुर नाईट ड्यूटी करने के बाद सुबह अस्पताल परिसर में स्थित अपने आवास में घर के बाहर बैठकर कार्य कर रहे थे। उसी दौरान उनके पेट में चोट जैसा लगा, बाद में देखने पर उनके पास एक गोली गिरी हुई थी, जो उनके पेट पर खरोंच मारते हुए वहीं पर गिर गई। इसके बाद लोकेश ठाकुर का जिला अस्पताल में इलाज कराया गया। गोली कहां से आकर लगी, कहां से चली इसकी कोई जानकारी नही मिल पाई है। अस्पताल में तैनात सुरक्षाकर्मी द्वारा गोली को अपने कब्जे में लेकर थाने में जमा करवा दिया गया है। विदित हो कि जिला अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में मरीजों व उनके परिजनों का आना जाना लगा रहता है। इस तरह की गोली चलने की घटना मरीजों के साथ अन्य लोगों के लिए चिंतित करने वाली है।बीजापुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रकांत गवर्ना ने बताया कि अभी मामले की जानकारी जुटाई जा रही है। बीजापुर जिला अस्पताल कैंपस में बाहर से फायरिंग होने ने की यह दूसरी घटना है। इसी साल जनवरी माह में बीजापुर जिला अस्पताल के उमंग भवन में बाहर से आकर गोली लगने से भवन का बाहरी कांच टूट गया था।



# सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत मीडिया प्रभारी मूलचंद मेधोनिया को डां अम्बेडकर भवन हेतु अहिरवार समाज ने दिया आवेदन पत्र

युवा प्रदेश ❑चीचली/गाडरवारा

जिला नरसिंहपुर की तहसील गाडरवारा के ग्राम गांग,ई अहिरवार समाज के द्वारा अहिरवार समाज के क्षेत्र के कर्मठ सामाजिक एवं सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मूलचंद मेधोनिया पत्रकार को गांग,ई में सामाजिक कार्यक्रमों, बैठक व अन्य सभी सामाजिक गतिविधियों हेतु डॉ अम्बेडकर जी के नाम पर भवन निर्माण हेतु एक आवेदन पत्र सभी सामाजिक लोगों द्वारा सौंपा गया। तथा समाज के लोगों ने बताया कि हमारे द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही है कि हमारे समाज के सामाजिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु गांव में कोई भवन आज तक नहीं होने से बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मूलचंद मेधोनिया ने सभी सामाजिक व्यक्तियों को जानकारी देते हुए बताया है कि हमारे फाउंडेशन के द्वारा 30 जून 2023 को भोपाल में 110 सामाजिक संगठनों को सादर आमंत्रित कर इतिहासिक बैठक में समाज में जन्मे महान महापुरुषों के नाम पर भवन, स्मारक और स्थल बनवाने के प्रस्ताव स्वीकृत कर पहले वर्तमान मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी को दिये थे। जिन्होंने सामाजिक मुद्दों व मांग का ध्यान नहीं दिया और न ही सामाजिक संगठनों की बात सुनी तत्पश्चात सभी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों में श्री महेश नंदमेहर, मूलचंद मेधोनिया, श्री दिलावर ओसवाल, श्री प्रहलाद रंगीले, श्री लोकेश नंदमेहर, श्री शोभराज गन्नौरे, श्री मुकेश चौधरी, श्रीमती सीमा राठौर, श्री नौमेश नंदमेहर, श्री हेमन्त नरवरिया, श्री विजय सुरणकर, श्री कमल संतोष, एवं विभिन्न सामाजिक प्रतिनिधियों के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री श्री कमलनाथ जी



के निवास पर जाकर सामाजिक मांग और योजनाएं सौंपी जो कि कांग्रेस पार्टी ने अपने चुनावी एजेंडे में शामिल किया और वचन पत्र में शामिल किया। निश्चित रूप से कांग्रेस की सरकार बनने पर सभी गांव, शहरों में अनुसूचित जाति वर्ग और अनुसूचित जनजाति वर्ग सहित पिछड़ा वर्ग में जन्मे महान महापुरुषों के नाम पर भवन निर्माण, स्मारक निर्माण, मूर्ति स्थापित कराने इत्यादि सामाजिक मुद्दों व मांगों को प्राथमिकता से करवायें जायेंगे अहिरवार समाज की भवन सम्बंधित बहुत आवश्यक है जिसे पूरी कराई जायेगी उक्त मांग को लेकर गाडरवारा विधायक श्रीमती सुनीता पटेल जी को मूलचंद मेधोनिया के नेतृत्व में सामाजिक लोगों ने सौंपा उन्होंने भी प्रशंसा कि गाडरवारा क्षेत्र के अनुसूचित जाति के वरिष्ठ नेता मूलचंद मेधोनिया का उल्लेखनीय कार्य करने पर वह बधाई के पात्र है। श्रीमती पटेल ने आश्वासन दिया कि मार्च के पहले बजट में ही डां अम्बेडकर भवन बनाया जायेगा। सतगुरु संत रविदास कल्याण फाउंडेशन भारत की पहल की सराहना विधायक द्वारा की और महान क्रांतिकारी वीर मनीराम अहिरवार जी के नाम पर भवन व स्मारक बनाने की वचन पत्र में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा हर संभव मदद होगी।

# कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल पर बीजेपी प्रत्याशी के लोगों द्वारा किये गये हमला को लेकर दिया ज्ञापन

मूलचंद मेधोनिया पत्रकार भोपाल



**भोपाल।** रहली विधानसभा के क्षेत्र गढ़ाकोटा में दिनांक 18.11.23 को कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल,अर्जुन सिंह ठाकुर,देवेंद्र सिंह ठाकुर,रामावतार कुर्मी ,नीलेश ठाकुर आदि पर अपराधिक हमला करनें वाले,मारपीट एवम गाड़ियों में तोड़फोड़ करनें वाले भाजपा प्रत्याशी के परिजनों श्री राम भार्गव,कुश भार्गव एवम अन्य हमलावरों द्वारा,हत्या करनें के उद्देश्य से किए गए हमले,मारपीट,की घटना की एफ.आई.आर. दर्ज कर आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार उन्हें जेल भेजने,पक्षपात पूर्ण कार्यवाही कर अभी तक एफआईआर दर्ज न करने वाले पुलिस अधिकारियों पर अनुशासनात्मक एवं दंडात्मक कार्यवाही करने,उनका स्थानान्तर करनें,आपराधिक षडयंत्र रचने के कारण रहली के भाजपा प्रत्याशी श्री गोपाल भार्गव पर भी आपराधिक षडयंत्र रचने का प्रकरण दर्ज करनेआदि मांगों से संबंधित ज्ञापन दिनांक 22.11.23 को सौपा गया।इस हमले में रामावतार कुर्मी के पांव,की हड्डी टूट गई है,हाथ में दो फ्रैक्चर हैं सिर में गंभीर चोट है 11टांके आए हैं।नीलेश ठाकुर के चेहरे मुंह में गंभीर चोट है दांत टूट गए हैं कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई है किंतु एफ.आई.आर. दर्ज नहीं की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में श्री जेपी धनोपिया प्रदेश उपाध्यक्ष,कांग्रेस पार्टी,श्री प्रकाश जैन प्रदेश उपाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी, महेंद्र सिंह महासचिव कांग्रेस पार्टी,राहुल सिंह केशव पटेल आदि लोग शामिल थे।घटना की एफ.आई.आर. दर्ज करनें बाबत ज्योति पटेल,अर्जुन सिंह ठाकुर आदि द्वारा थाना प्रभारी गढ़ाकोटा को दिया गया आवेदन,तथा दिनांक 19एवम 20 नवंबर को एफ.आई.आर .दर्ज करनें हेतु दिए गए आवेदनों की प्रतियां भी प्रस्तुत की गई हैं।पुलिस द्वारा स्वयं दर्ज की गई घटना की बनावटी एफ.आई.आर. की छायाप्रति एवम अन्य दस्तावेज भी साथ में सौंप गए तथा, शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई है । माननीय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी महोदय ने शीघ्र समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।यह चित्र ज्ञापन सौंपने के समय का है।

# छठ महापर्व पर बूढ़ी माडिया एवम बमबम तालाब में दीखी लोक आस्था का जन सैलाब

शहडोल से गंगाधर चौधरी की रिपोर्ट।



**शहडोल।** शहडोल जिले के बुढार बूढ़ी माडिया एवम बमबम तालाब ओपीएम में छठ महापर्व पर श्रद्धालुओं के लोक आस्था का जन सैलाब दिखा। छठ पर्व श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई गई। बूढ़ी माडिया में छठ पर्व के अवसर पर भजन कीर्तन एवं प्रसाद वितरण किया गया। चार दिन तक चलने वाले इस महापर्व में पहले दिन नहाए खाए दूसरे दिन खरना से छठ पर्व की शुरुआत हुई निर्जला व्रत रखकर छठ पूजा के साथ छठी मैया की पूजा की। रविवार को उगते भास्कर को अर्द्य देकर विधिवत पूजन अर्चन कर छठ पर्व का समापन हुआ। छठ पर्व के अंतिम दिन प्रातः व्रतधारियों ने विभिन्न प्रकार के पकवान की प्रसाद टोकनी को सिर में रखकर गाजे बाजे के साथ तालाब घाटों में पहुंचे भगवान भास्कर अर्द्ध देकर की विधिवत पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना की। छत पर को देखते हुए नगर पंचायत परिषद द्वारा तालाब घाटों की साफ सफाई कराई गई । इसी तरह बम बम तालाब में छठ महापर्व पर कोईलांचल के श्रद्धालुओं का चहुं और रेरा लग रहा। धूमधाम से छठ पर्व मनाया गया। छठ पर्व के अवसर पर बम बम तालाब के शिव मंदिर एवं घाटों को रंग-बिरंगे जरी से सजाया गया । शांति व्यवस्था बनाने के लिए अमलाई बुढार नगर निरीक्षक एवं स्टाफ का सहयोग रहा है।

# जैतपुर जयसिंहनगर व्यवहारी के भाजपा कांग्रेस उम्मीदवारों ने जनता का किया आभार















शहडोल जिले से गंगाधर चौधरी की रिपोर्ट।

**शहडोल।** मध्य प्रदेश विधानसभा आम चुनाव में भाजपा कांग्रेस के उम्मीदवारों ने अपने-अपने पक्ष में जनादेश जन समर्थन जुटाने मैं पूरी ताकत झोंक दी। मतदान उपरांत जैतपुर विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी उमा धुर्वे भाजपा प्रत्याशी जय सिंह मरावी के के बीच जबरदस्त टक्कर बताई जा रही है फिलहाल अभी दोनों की किस्मत के हार और जीत का फैसला ईवीएम मशीन में कैद है जो 3 दिसंबर को निर्णय करेगा। दोनों प्रत्याशियों ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं एवं शासन प्रशासन का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है। इसी तरह जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र कांग्रेस प्रत्याशी नरेंद्र सिंह मरावी भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मनीष सिंह ने मतदाताओं एवं शासन प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के लिए आभार प्रदर्शन किया है। व्यवहारी विधानसभा क्षेत्र भाजपा प्रत्याशी शरद जूगलाल कोल एवं कांग्रेस प्रत्याशी राम लखन सिंह ने मतदाताओं के प्रति कोटि-कोटि आभार व्यक्त करते हुए चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था की चाक चौबंद इंतजाम के लिए साथ ही अधिक से अधिक मतदान प्रचार करने में शासन प्रशासन का तहे दिल से आभार व्यक्त किया है।

# चुनाव में बिजली बिल की नहीं की वसूली, अब कटेगा कनेक्शन

**जबलपुर।** चुनावी सरगर्मी में बिजली बकायादारों को बिल नहीं जमा करने की राहत मिली। बिजली कंपनी भी मतदान तक उपभोक्ताओं को परेशान नहीं करना चाहती थी इसका नतीजा निकला आधे से कम उपभोक्ताओं ने ही बिजली का बिल जमा किया। 195 करोड़ रुपये जबलपुर संभाग का लक्ष्य था जिसके मुकाबले महज 78 करोड़ रुपये की मिले। अब माह का अंतिम सप्ताह चल रहा है ऐसे में कंपनी के अफसर राजस्व को तेजी से वसूलने की तैयारी में है। इसके लिए जाहिर है कि उपभोक्ताओं पर सख्ती होगी और बकायादारों के बिजली कनेक्शन काटने की प्रक्रिया होगी। संभाग में करीब एक लाख उपभोक्ता है जिन पर बिल बकाया है। मुख्य अभियंता जबलपुर संभाग जीडी वासनिक ने बताया कि चुनाव में अधिकारी अन्य कार्य में व्यस्त होने से राजस्व वसूली का काम धीमी गति से चला। अब माह के अंतिम समय में राजस्व बढ़ाने के लिए मैदानी अमले को कहा गया है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा जबलपुर शहर से 23.87 करोड़ रुपये की वसूली हो चुकी है। जबकि पिछले माह जहां 105 करोड़ रुपये वसूली हुई थी।

# धान उपार्जन का कार्य 1 दिसम्बर से 19 जनवरी तक
## धान उपार्जन नीति के संबंध में बैठक सम्पन्न





**शहडोल।** कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य की उपस्थिति में आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि खरीदी केंद्रों में धान उपार्जन हेतु बिजली, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा खरीफ विपणन मौसम 2023-24 के लिए औसत अच्छी गुणवत्ता के धान का समर्थन मूल्य धान कॉमन हेतु 2183 रूपये समर्थन मूल्य प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। बैठक में जिलाआपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन पटेल ने बताया कि समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन 1 दिसम्बर से 19 जनवरी 2024 तक किया जाएगा, कृषको के धान उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिन (सोमवार से शुक्रवार) को प्रातः 8 बजे से शाम 8 बजे तक किया जाएगा एवं कृषक तौल पर्ची सांय 6 बजे तक जारी की जाएगी, जिन कृषको की उपज की तौल अपरिहार्य कारणवश सोमवार से शुक्रवार तक नही हो सकेगी उसकी तौल शनिवार को की जाएगी। उन्होंने बताया कि शनिवार एवं रविवार को शेष स्कंध का परिवहन, भण्डारण, लेखा का मिलान तथा अस्वीकृत स्कंध का अपग्रेडेशन, वापसी की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में बताया गया कि गोदाम, केप स्तर पर गुणवत्ता परीक्षण में पाए जाने वाले नॉन एफक्यू स्कंध का भंडारण उपार्जन समिति द्वारा गोदाम, केप पर नही किया जाएगा, विशेष परिस्थिति में 5 दिवस से अधिक गोदाम, केप पर भंडारण नही किया जाएगा। बैठक में जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन पटेल, सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक, केंद्र प्रभारी सहित अन्य संबंधी अधिकारी उपस्थित थें।

# विश्व एंटीबायोटिक जन जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम सम्पन्न







**शहडोल।** सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय शहडोल डॉ. जीएस परिहार ने जानकारी दी है कि कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिला चिकित्सालय शहडोल में विश्व एंटीबायोटिक जन जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि विश्व एंटीबायोटिक जन जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत समस्त वार्ड प्रभारियों एवं विभाग प्रभारियों को जिला अस्पताल के उपकरणों के रख-रखावं में उपयोग होने वाले कन्ज्यूमेबल्स के बारे में अवगत कराते हुए कहा गया कि विभाग में संचालित होने वाले सभी प्रकार के उपकरणों का रख-रखाव अनुबंधित संस्था द्वारा ही कराना सुनिश्चित करेंगें। उन्होंने बताया विश्व एंटीबायोटिक जन जागरूकता सप्ताह के तहत जिला चिकित्सालय शहडोल परिसर से जागरूकता रैली भी नार्सिंग स्टाफ द्वारा निकाली गई।

# जिला कॉंग्रेस सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बने अनिल चौधरी लोगों ने दी बधाइयां

**अनूपपुर।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार और समस्त प्राकोष्ट प्रभारी जेपी धनोपिया के अनुमोदन के पश्चात मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ विभाग के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत टण्डन के द्वारा अनिल चौधरी को ऋद्ध (सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ )अनूपपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।नियुक्ति आदेश की प्रति कोतमा विधायक सुनील सराफ के द्वारा प्रदान किया गया। अनिल चौधरी से उम्मीद की गई है कि आप अनूपपुर जिले में कांग्रेस संगठन को मजबूत करेंगे और जिले का दौरा कर कांग्रेस पार्टी के उद्देश्यों एवं भारतीय जनता पार्टी के जन विरोधी नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करेंगे किए गए कार्यो से संबंधित जानकारी की रिपोर्ट जिला कांग्रेस अध्यक्ष के माध्यम से प्रदेश कांग्रेश को प्रेषित करेंगे।अनिल चौधरी की नियुक्ति पर जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर के अध्यक्ष रमेश सिंह विधायक कोतमा सुनील सराफ, विधायक पुष्पराजगढ़ फुन्देलाल सिंह मार्को , प्रदेश कांग्रेस के सचिव प्रेम कुमार त्रिपाठी, श्रीधर शर्मा ,ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रजन कुमार राठौर ,पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल , पूर्व जिला कार्यवाहक अध्यक्ष करतार सिंह मनोज सराफ, आचार्य लक्ष्मणदास बाल योगी ब्लॉक अध्यक्ष वेदक पटेल ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता आशीष त्रिपाठी,डॉक्टर प्रवीण आशीष त्रिपाठी, डॉक्टर गणेश चटर्जी संतोष कुमार पांडेय, राकेश गुप्ता संजीव द्विवेदी, प्रमोद शर्मा पार्षद रियाज मंसूरी,दीपक शुक्ला, विनोद सोनी,जनपद अध्यक्ष राजीव सिंह , रामखेलावन राठौर,उमेश राय, तौहीद खान ,पुरषोत्तम चौधरी,रामाधार बैगा ,सेवादल एहसान अली अंसारी, राम सजीवन गौतम,संदीप गर्ग, ,संतोष राठौर, उत्तम पटेल,रशीद मंसूर, नीलेश अग्रवाल आदि लोगों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।


# यात्रियों की परेशानी से बिलासपुर रेल मंडल अनभिज्ञ जं.स्टेशन के पैदल पुल को कर दिया बंद यात्री परेशान





**अनूपपुर (ब्यूरो)।** जंक्शन स्टेशन अनूपपुर में जीआरपी चौकी के सामने बने पैदल पुल फुट ओवर (एफओबी) को रेलवे ने असुरक्षित घोषित कर लगभग डेढ़ वर्ष से अधिक समय से बंद कर रखा है।जब इसकी शिकायत रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से की गई तो उनका जवाब था कि इसे तोड़ने की योजना बनाई गई है।इसे शीघ्र तोड़कर अमृत भारत योजना के तहत नया ब्रिज बनाया जाएगा।लेकिन लगता है की बिलासपुर रेल मंडल अनूपपुर जंक्शन स्टेशन के यात्रियों की परेशानियों से पूरी तरह अनभिज्ञ है। पैदल पुल बंद होने से लंबी दूरी पर बने कटनी साइट के पुल से लोगों को आना-जाना करना पड़ रहा है।अनूपपुर जंक्शन स्टेशन पर पर्याप्त मात्रा में कुली की व्यवस्था भी नहीं है जिससे यात्रियों को अपना सामान खुद उठाकर ले जाना पड़ता है या मजबूरी में रेलवे लाइन क्रॉस कर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाना पड़ रहा है।लेकिन रेलवे को इससे कोई लेना-देना नहीं।कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना घटित हो सकती है। प्लेटफार्म नंबर एक पर कटनी साइट पर जो ब्रिज बनाया गया है वह प्लेटफार्म से काफी दूर है।एवं प्लेटफार्म नंबर 3-4 पर यात्रियों को बिलासपुर दिशा की ओर जाने के लिए काफी लंबी दूरी तय कर वहां जाना पड़ता है।यही नहीं कई यात्री तो ट्रेन छूट न जाए इसके लिए प्लेटफार्म से लाइन क्रॉस करते हुए दूसरे प्लेटफार्म पर चले जाते हैं।जल्दबाजी में किसी भी दिन कोई भयावह हादसा रेलवे लाइन में घटित हो सकता है।इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों को कोई लेना-देना नहीं। जबकि पैदल पुल फुट ओवर (एफओबी) को प्राथमिकता में लेकर रेलवे को उसे पहले बनना चाहिए।लेकिन रेलवे उसे छोड़कर अन्य नए निर्माण कार्य प्लेटफार्म नंबर 1 एवं 3-4 पर कर रही है।जबकि यात्रियों के लिए सबसे बड़ी समस्या पैदल पुल फुट ओवर (एफओबी) हैं।जिसको रेलवे ने प्राथमिकता में नहीं लिया और डेढ़ वर्ष से अधिक समय होने को आ रहा है यात्रियों को,बुजुर्गों को,विकलांगों को, महिलाओं को प्लेटफॉर्म 1 से 3-4 में जाने में तमाम तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।विकलांगों को जाने के लिए प्लेटफार्म पर कोई व्यवस्था नहीं है।रेलवे के पार्सल,मोटरसाइकिल,अन्य सामान को लाइन क्रॉस कर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म को ले जाया जा रहा है जो कि नियम विरुद्ध है।लेकिन कोई बोलने वाला नहीं।उंगली उठती है तो केवल यात्रियों पर,रेलवे के कर्मचारियों पर कोई भी कानून लागू नहीं होता। आवश्यकता है कि बिलासपुर में बैठे रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी यात्रियों की समस्याओं को गंभीरता से लें। कई बार रेल मदद एप,ट्विटर के माध्यम से शिकायत की गई।लेकिन बस इसे असुरक्षित घोषित किया गया है बनाने की योजना है।यह सीधा जवाब देकर रेलवे अपने कार्य की इति श्री कर लेती है और यात्री लगातार परेशान हो रहा है। देखना है रेलवे कब तक यात्रियों की परेशानियों की सुध लेता है।बिलासपुर रेलवे के जीएम एवं डीआरएम से अपेक्षा है की अनूपपुर रेलवे जंक्शन पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए बंद पड़े पैदल पुल को सुधार कर यात्रियों के लिए उसे तत्काल प्रारंभ कराया जाए जब तक नया ब्रिज नहीं बनता।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ छठ महापर्व




**अनूपपुर।** कठिन तप एवं स्वच्छता तथा शुद्धता का प्रतीक माने जाने वाला छठ महापर्व नहाए खाय से शुरू होकर 60 घंटे के कठिन व्रत एवम् उपासना के पश्चात उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ यह छठ महापर्व सामतपुर अनूपपुर मढ़पा तलाब नगर सहित आस पास के क्षेत्र में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जहां पर छठ महापर्व के पूर्व नगर परिषद अनूपपुर द्वारा तालाबों एवं छठ मनाया जाने वाले स्थान का निरीक्षण कर छठ पूजा करने वाले भक्तों की सुविधा को देखते हुए साफ सफाई एवं अन्य सुविधा प्रदान की गई थी जहां पर छठ के प्रमुख दिन छठ उपासकों द्वारा अपने परिवार के साथ कांचे ही बांस की बहंगिया, छठ करब हो आदि लोकगीतों के साथ छठ घाट पर पहुंची वही कुछ उपासक दंडवत करते हुए तो कुछ अपनी मन्नत पूर्ण होने पर गाजे बजे के साथ छठ घाट पर पहुंची जहां डूबते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ अपने-अपने घरों को चली गई तो कुछ उपासक पूरी रात छठ घाट पर ही पूजा अर्चना करते रहे वही पुनः अगले दिन सुबह छठ घाट पर पहुंचकर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर हवन कर छठ महापर्व का समापन कर अपने अपने घर में जाकर पारना के साथ छठ व्रत तोड़ा। जनों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जनप्रतिनिधियों ने छठ घाटों पर पहुंचकर पूजा अर्चना के साथ समस्त छठ उपासकों को बधाई प्रेषित की वही इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अनूपपुर कोतवाली थाना प्रभारी अमर वर्मा द्वारा अपनी टीम के साथ समस्त छठ घाट का सघन दौरा किया गया जहां यातायात सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त कर किया गया जिससे उपासकों एवं उनके परिवार को कोई भी दिक्कत ना हो सके। इस अवसर पर क्षेत्र से छठ तलाब घाट पर भक्तों का भारी जनसैलाब उमड़ा, सभी लोगों ने एक दूसरे को छठ पर्व की शुभकामना देते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर भगवा पर्टी के जिला अध्यक्ष कमलेश द्विवेदी पार्षद गणेश रौतेल समिति के संयोजक एडवोकेट अक्षयवट प्रसाद , संदीप गर्ग, ,प्रमोद गौर, चैतन्य मिश्रा, शिवाशू रंजन बैठा,और राहुल प्रसाद प्रमुख रूप से उपस्थित रहे,साथ राज्य आपदा प्रबंधन केन्द्र अनूपपुर के जिला कामांडेट जेपी उइके, अपनी टीम के सदस्य भी सुरक्षा व्यवस्था का जयजा लेते हुए ,पुलिस सुरक्षा, अलावा क्षेत्र के प्रमुख निर्वाचित पार्षद एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे सभी लोगों ने भक्तों से मिलकर आशीर्वाद लिया। छठ पूजा हिंदू त्योहार है जो चार दिनों तक चलता है और सूर्य देवता की पूजा करता है. इसमें भक्त उपवास, प्राकृतिक तत्वों का समर्थन, और पर्यावरण की सफाई का महत्वपूर्ण रोल निभाते हैं. छठ पूजा का हिंदू त्योहार चार दिनों तक चलता है और अनुष्ठान, भक्ति और गहन आध्यात्मिक अर्थ से भरा होता है।

**मढ़पा तलाब मे जनप्रतिनिधियों ने घाट पर पहुंच कर दिया लोगों को बधाई**

# भारतीय सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमत में गिरावट



**नई दिल्ली।** भारतीय सर्राफा बाजार में 22 नवंबर 2023 को सोने के भाव में गिरावट आई है। सोने का भाव 61474 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है। 22 नवंबर 2023 को सोने के शाम के भाव की तुलना में 142 रुपये की गिरावट आई है। चांदी के भाव में भी गिरावट देखने को मिली है। चांदी का भाव 73465 रुपये प्रति किलो हो गया है। राष्ट्रीय स्तर पर 999 शुद्धता वाले चांदी के भाव में 22 नवंबर से 285 रुपये की गिरावट आई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स के अनुसार 22 नवंबर की शाम को 999 शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 61616 रुपये थी। 23 नवंबर की सुबह को 999 वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 61474 रुपये हो गई है। इसी तरह 22 नवंबर की शाम को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 73240 रुपये थी। 23 नवंबर की सुबह को 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 73180 रुपये हो गई। 23 नवंबर को 995 शुद्धता वाले सोने की कीमत 61228 रुपये हो गई है। 916 शुद्धता वाले सोने की कीमत 56310 रुपये हो गई है। 750 शुद्धता वाले सोने की कीमत 46106 रुपये हो गई है। 585 शुद्धता वाले सोने की कीमत 35962 रुपये हो गई है। केंद्र सरकार की छुट्टियों और शनिवार और रविवार को रेट जारी नहीं करता है। आपको 22 कैरेट और 18 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी का रेट जानना है, तो 8955664433 पर मिस्ड कॉल कर सकते हैं। मिस्ट कॉल के कुछ ही समय बाद एसएमएस के जरिए रेट्स मिल जाते हैं। गोल्ड या सिल्वर का रेट जानने के लिए www.ibja.co या ibjarates.com पर भी जा सकते हैं।

# ICICI बैंक का एलान, टाटा मेमोरियल सेंटर को देगा 1,200 करोड़ रुपए

**मुंबई।** आईसीआईसीआई बैंक ने आज टाटा मेमोरियल सेंटर (टीएमसी) के लिए 1,200 करोड़ रुपए का योगदान देने की प्रतिबद्धता की घोषणा की। टीएमसी देश भर में कैंसर उपचार और अनुसंधान केंद्र चलाने वाली एक प्रमुख संस्था है। आईसीआईसीआई बैंक अपने सीएसआर फंड से 7.5 लाख वर्ग फुट के संयुक्त क्षेत्र में फैली तीन नई इमारतों की स्थापना के लिए राशि प्रदान करेगा। साथ ही महाराष्ट्र में नवी मुंबई, पंजाब में मुल्लांपुर और आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम में टीएमसी के केंद्रों को अत्याधुनिक मशीनों से लैस करेगा। किसी भी संगठन द्वारा टाटा मेमोरियल सेंटर को दिया गया यह सबसे बड़ा एकल योगदान है। आईसीआईसीआई बैंक की सीएसआर शाखा आईसीआईसीआई फाउंडेशन फॉर इनक्लूसिव ग्रोथ (आईसीआईसीआई फाउंडेशन) इस पहल को लागू करेगी। इस प्रोजेक्ट के 2027 तक पूरा होने की संभावना है। आधुनिक उपकरण और मल्टी-डिसिप्लीनरी टीमों के विशेषज्ञों के साथ ऑन्कोलॉजी ट्रीटमेंट में उत्कृष्टता वाले ये नए केंद्र एक वर्ष में लगभग 25,000 नए रोगियों को एडवांस्ड और एविडेंस बेस्ड थैरेपी प्रदान करेंगे। इस तरह ऑन्कोलॉजी ट्रीटमेंट से संबंधित वर्तमान क्षमता दोगुना हो जाएगी, जिससे देश के कैंसर उपचार के बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा मिलेगा। आईसीआईसीआई फाउंडेशन के प्रेसिडेंट श्री संजय दत्ता और टाटा मेमोरियल सेंटर के निदेशक डॉ आर ए बडवे ने इस समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन श्री गिरीश चंद्र चतुर्वेदी और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री संदीप बत्रा भी मौजूद थे। श्री चतुर्वेदी ने आज मुंबई के परेल स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल में डॉ. बडवे और श्री बत्रा की उपस्थिति में आईसीआईसीआई एमआरआई सुविधा का भी उद्घाटन किया। यह सुविधा आईसीआईसीआई फाउंडेशन के सहयोग से एडवांस्ड एमआरआई मशीन से लैस है। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन श्री गिरीश चंद्र चतुर्वेदी ने कहा, ''आईसीआईसीआई बैंक के पास देश की सेवा करने की लंबी विरासत है। इसी फिलॉस्फी के अनुरूप आईसीआईसीआई फाउंडेशन आज देश के नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। इस क्रम में फाउंडेशन की ओर से पर्यावरण संरक्षण, स्थायी आजीविका के लिए कौशल विकास, किफायती स्वास्थ्य देखभाल और सामुदायिक विकास परियोजनाओं के क्षेत्रों में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन वर्षों में आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने देश भर में 2.6 मिलियन से अधिक पेड़ लगाए हैं, 5000 ग्रामीण स्कूलों और वाटरशेड संरचनाओं में सालाना 17.1 बिलियन लीटर वर्षा जल संचयन की क्षमता तैयार की है। साथ ही फाउंडेशन ने ग्रामीण स्कूलों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाए हैं और कौशल विकास संबंधी पहल के माध्यम से 2.9 मिलियन से अधिक लोगों को लाभान्वित किया है, जिनमें आधी से अधिक संख्या महिलाओं की है। फाउंडेशन ने अपनी सामाजिक पहलों के माध्यम से 6.5 मिलियन से अधिक लोगों को और अपनी स्वास्थ्य देखभाल पहलों के जरिये 1.5 मिलियन से अधिक लोगों को लाभान्वित किया है। कुल मिलाकर, आईसीआईसीआई फाउंडेशन ने अपनी विभिन्न पहलों के माध्यम से 10.9 मिलियन से अधिक लाभार्थियों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है।'' ''आज हम नवी मुंबई, मुल्लांपुर और विशाखापत्तनम में टीएमसी के केंद्रों में तीन नए ब्लॉक बनाने के लिए 1,200 करोड़ रुपए प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता जता रहे हैं। ये तीनों नए ब्लॉक 2027 तक पूरे हो जाएंगे। स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने की हमारी प्रतिबद्धता के तहत, यह पहल हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कैंसर देखभाल सेवाओं को और विस्तार प्रदान करेगी। इस तरह रोगियों को उन्नत और नवीनतम कैंसर उपचारों तक पहुंच हासिल हो सकेगी। ये नई इमारतें क्षेत्रीय रेफरल केंद्रों के रूप में भी काम करेंगी और मरीजों को मुंबई में परेल में टाटा मेमोरियल अस्पताल जाने के लिए लंबी दूरी की यात्रा करने की आवश्यकता को कम करेंगी।




# खुलेगा टाटा ग्रुप का आईपीओ, यहां देखें प्राइस बैंड से लेकर लॉट साइज की डिटेल्स




**नई दिल्ली।** अगर आप शेयर बाजार में निवेश करते हैं, तो आपके लिए कल (22 नवंबर) बुधवार को खास रहेगा। दरअसल, टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा टेक्नॉलजीज का आईपीओ खुलने वाला है। टाटा टेक्नॉलजीज का आईपीओ 22 नवंबर को खुलेगा। वहीं, अगले दिन बंद होगा। टाटा का इस आईपीओ के जरिए 3042 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य है। आईपीओ का प्राइस बैंड 475 से 500 रुपये है। मंगलवार को कंपनी के शेयर एंकर निवेशकों के लिए खुले हैं। बता दें इससे पहले 2004 में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का आईपीओ खुला था। टाटा टेक्नॉलजीज का IPO ऑफर सेल है। कंपनी इस आईपीओ में 6.08 इक्विटी शेयरों को ओएफएस के लिए पेश करेगा। टाटा मोटर्स की टाटा टेक्नॉलजीज में 11.4त्न हिस्सेदारी है। टाटा टेक्नॉलजीज के इश्यू मूल्य दायरे के निचले स्तर 890.4 करोड़ और ऊपरी लेवल 3042.5 करोड़ है। कंपनी को सलाह देने के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर जेएम फाइनेंशियल, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स और बोफा सिक्योरिटीज हैं। 5 दिसंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकता है। कई एक्सपर्ट का कहना है कि टाटा टेक्नॉलजीज के आईपीओ में निवेश कर सकते हैं। उनका मानना है कि भविष्य में कंपनी अच्छा प्रदर्शन करेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी एयरोस्पेस सेक्टर में अपना विस्तार करने की योजना बना रही है।

# एसबीआई ने अपने ग्राहकों को दी राहत, जारी की नई ब्याज दरें

**नई दिल्ली।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहकों के लिए अच्छी खबर है। बैंक ने लोन दरों को रिवाइज किया है। एसबीआई ने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ लेंडिंग रेट (स्ष्टरुक्र) को नवंबर महीने के लिए जारी कर दिया। इस लेंडिंग रेट के जारी होने से स्टेट बैंक अपने कस्टमर्स को नई दर के नीचे लोन नहीं देगा। एसबीआई द्वारा जारी नई ब्याज दर 15 नवंबर (बुधवार) से लागू हो गई है। स्टेट बैंक की बेस लैंडिग रेट एमसीएलआर 8 से 8.75 फीसदी है। ओवरनाइट एमसीएलआर रेट 8 फीसदी है। स्ष्टरुक्र का सीधा असर होम और ऑटो लोन की ईएमआई पर पड़ता है।

## होम लोन पर 31 दिसंबर तक ऑफर

स्टेट बैंक होम लोन पर 65 आधार अंक यानी 0.65 फीसदी का डिस्काउंट दे रहा है। यह राहत नियमित होम लोन एप्लिकेशन, रियायत गृह लोन, फ्लेक्सीपे, एनआरआई, नॉन वेतन क्लास पर लागू है। होम लोन की छूट 31 दिसंबर, 2023 तक रहेगी। इसके अलावा एसबीआई कार लोन पर ऑफर दे रहा है।

## सितंबर तिमाही में बढ़ा प्रॉफिट

स्टेट बैंक को सितंबर तिमाही में 8त्न का लाभ हुआ था। बैंक का प्रॉफिट वित्त वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही में 13,264 करोड़ से बढ़कर 14,330 करोड़ हो गया। एसबीआई का नेट इंटरेस्ट इनकम पिछले साल की समान की अवधि की तुलना में 39,500 करोड़ तक पहुंच गया।




# एलपीजी गैस कनेक्शन को फटाफट आधार से करें लिंक, घर बैठे मिलेंगे फायदे






**नई दिल्ली।** एलपीजी गैस कनेक्शन को आधार कार्ड से लिंक करना जरूरी है। ऐसा नहीं होने पर सब्सिडी का लाभ मिलेगा। यदि आपका एलपीजी कनेक्शन आधार से लिंक नहीं है तो आपको मशक्कत करने की जरूरत नहीं है। आप आसानी से ऑनलाइन या ऑफलाइन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। गैस कनेक्शन को आधार कार्ड से लिंक करने के लिए ढ्ढष्ठ्ठ की वेबसाइट पर जाना होगा। फिर सेल्फ सीडिंग पेज पर जाएं। पूछी गई जानकारी ध्यान से भरें। फिर एलपीजी का चयन करना है। अब गैस कंपनी दर्ज करना होगा। अब आपके सामने वितरकों की लिस्टआएगी। इसमें डिस्ट्रीब्यूटर चुनें। फिर गैस कनेक्शन नंबर, मोबाइल नंबर, आधार नंबर और मेल आईडी दर्ज करें। अपने ओटीपी के साथ सत्यापित करें। आपका आधार कार्ड एलपीजी गैस कनेक्शन से लिंक हो जाएगा।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)